**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या 224***
**(दिनांक 19 दिसम्बर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए)**
**महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना**

***224. श्री कृपाल बालाजी तुमाने:**
**श्री गजानन कीर्तिकर:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2023 तक प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत शामिल कुल क्षेत्र का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) सरकार द्वारा देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क उपलब्ध कराने के लिए क्या विशेष कदम उठाए गए हैं;

(ग) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान विशेष रूप से महाराष्ट्र में और रामटेक-नागपुर जिले के विशेष संदर्भ में उक्त योजना के अंतर्गत कार्यान्वित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत कितने विकास कार्य पूरे किए गए हैं;

(ङ) महाराष्ट्र में उक्त अवधि के दौरान प्रस्तावित , चल रही और पूरी हो चुकी पीएमजीएसवाई परियोजनाओं का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(च) सुदूरवर्ती एवं दूरस्थ गांवों को तहसीलों , जिलों और शहरों से जोड़ने के लिए पीएमजीएसवाई के माध्यम से क्या पहल की गई हैं;

(छ) उक्त गांवों को इस योजना के अंतर्गत कब तक जोड़े जाने की संभावना है; और

(ज) सरकार द्वारा पीएमजीएसवाई में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास मंत्री**
**(श्री गिरिराज सिंह)**

(क) से (ज): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**लोक सभा में दिनांक 19.12.2023 को उत्तर देने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 224* के उत्तर के भाग (क) से (ज) में उल्लिखित विवरण**

(क) और (ख): प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के विभिन्न घटकों के अंतर्गत कुल 8,14,522 कि.मी. सड़क लंबाई स्वीकृत की गई है, जिसमें से 13 दिसम्बर, 2023 तक 7,49,363 कि.मी. सड़क का कार्य पूरा कर लिया गया है। दिनांक 13 दिसंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार पीएमजीएसवाई के अंतर्गत स्वीकृत और पूरी की गई सड़क लंबाई का राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

पीएमजीएसवाई-I, II और आरसीपीएलडब्ल्यूईए के पूरा होने की समय-सीमा मार्च, 2024 है और पीएमजीएसवाई-III के पूरा होने की समय-सीमा मार्च, 2025 है।

(ग) से (ङ): दिनांक 13 दिसंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार आरसीपीएलडब्ल्यूईए सहित पीएमजीएसवाई के विभिन्न घटकों के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान नागपुर सहित महाराष्ट्र के लिए स्वीकृत और पूरी की गई सड़कों का जिलावार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

रामटेक, नागपुर जिले का एक ब्लॉक है। रामटेक में पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान 13.68 कि.मी. लंबाई वाली कुल 3 सड़कों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 7.8 कि.मी. लंबी सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

(च) से ((ज): पीएमजीएसवाई-I के अंतर्गत कुल 1,57,230 बस्तियों को सड़कों से जोड़ने की मंजूरी दी गई है और 13 दिसंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार 1,56,508 बस्तियों को सड़कों के साथ जोड़ दिया गया है। उपर्युक्त के अलावा, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में 100-249 की आबादी वाली 6,245 बस्तियों को सड़कों के साथ जोड़ने की मंजूरी दी गई थी और 6,018 बस्तियों को सड़कों से जोड़ दिया गया है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पीएमजीएसवाई के अंतर्गत अनेक नवोन्मेषी उपाय किए हैं, जैसे सड़क निर्माण में नई/हरित प्रौद्योगिकी को अपनाना, सड़कों का रखरखाव के लिए ऑनलाइन ई-मार्ग प्लेटफॉर्म की शुरूआत, सड़क सुरक्षा लेखापरीक्षा को अनिवार्य बनाना, त्रिस्तरीय गुणवत्ता सुनिश्चय तंत्र को सुदृढ़ बनाना, इत्यादि ।

*****

**अनुबंध-I**

**लोक सभा में दिनांक 19.12.2023 को उत्तर देने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 224* के उत्तर के भाग (क) और (ख) में उल्लिखित अनुबंध**

**दिनांक 13 दिसंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार आरसीपीएलडब्ल्यूईए सहित पीएमजीएसवाई के विभिन्न कार्यक्रमों/घटकों के तहत स्वीकृत और पूरी की गई सड़क लंबाई का राज्य-वार ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य का नाम | स्वीकृत | | | पूरी की गई | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सड़कों की संख्या | सड़क लंबाई (किमी) | पुलों की संख्या | सड़कों की संख्या | सड़क लंबाई (किमी) | पुलों की संख्या |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 115 | 199.95 | 0 | 61 | 108.02 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 5,219 | 19,881.84 | 375 | 4,996 | 17,632.29 | 269 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1,479 | 15,104.72 | 267 | 1,287 | 13,416.44 | 187 |
| 4 | असम | 9,199 | 32,420.35 | 1,454 | 8,928 | 31,342.26 | 1366 |
| 5 | बिहार | 18,786 | 65,712.30 | 2,006 | 18,059 | 59,567.54 | 1349 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 8,924 | 45,611.92 | 546 | 8,512 | 42,330.18 | 383 |
| 7 | गोवा | 70 | 155.85 | 0 | 70 | 155.33 | 0 |
| 8 | गुजरात | 4,826 | 15,731.00 | 279 | 4,750 | 14,923.88 | 88 |
| 9 | हरियाणा | 773 | 8,110.67 | 18 | 747 | 7,907.50 | 18 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 3,877 | 24,977.62 | 104 | 3,427 | 21,000.35 | 94 |
| 11 | जम्मू एवं कश्मीर | 3,425 | 20,666.56 | 304 | 2,888 | 18,393.89 | 193 |
| 12 | झारखंड | 8,151 | 33,719.97 | 853 | 7,560 | 28,880.39 | 574 |
| 13 | कर्नाटक | 4,417 | 24,208.40 | 163 | 4,244 | 23,548.34 | 128 |
| 14 | केरल | 1,778 | 5,172.25 | 4 | 1,532 | 4,054.83 | 3 |
| 15 | लद्दाख | 191 | 1,621.81 | 3 | 131 | 1,070.10 | 3 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 20,438 | 93,640.30 | 1,755 | 20,051 | 88,934.23 | 1191 |
| 17 | महाराष्ट्र | 6,883 | 33,498.95 | 905 | 6,162 | 28,912.79 | 866 |
| 18 | मणिपुर | 1,913 | 11,672.94 | 211 | 1,738 | 10,776.39 | 146 |
| 19 | मेघालय | 1,229 | 5,198.45 | 112 | 1,048 | 4,279.31 | 87 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | मिजोरम | 351 | 4,482.73 | 0 | 308 | 4,268.71 | 0 |
| 21 | नागालैंड | 396 | 4,893.46 | 53 | 327 | 4,202.06 | 46 |
| 22 | ओडिशा | 17,900 | 74,538.56 | 704 | 17,197 | 69,275.47 | 569 |
| 23 | पुदुचेरी | 45 | 106.13 | 0 | 30 | 62.36 | 0 |
| 24 | पंजाब | 1,379 | 10,364.03 | 39 | 1,283 | 9,753.36 | 9 |
| 25 | राजस्थान | 18,083 | 77,715.62 | 73 | 17,806 | 73,439.16 | 38 |
| 26 | सिक्किम | 1,040 | 5,201.39 | 119 | 915 | 4,623.94 | 63 |
| 27 | तमिलनाडु | 9,692 | 23,708.49 | 186 | 9,514 | 22,971.12 | 131 |
| 28 | तेलंगाना | 3,545 | 14,582.77 | 551 | 3,115 | 12,286.14 | 322 |
| 29 | त्रिपुरा | 1,435 | 5,470.16 | 64 | 1,358 | 4,864.14 | 53 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | 21,063 | 76,982.60 | 17 | 20,168 | 70,271.41 | 10 |
| 31 | उत्तराखंड | 2,512 | 21,354.90 | 367 | 2,224 | 19,588.10 | 196 |
| 32 | पश्चिम बंगाल | 7,407 | 37,815.48 | 55 | 7,195 | 36,534.76 | 53 |
| **कुल** | | **186,541** | **814,522.16** | **11,587** | **177,631** | **749,362.76** | **8435** |

**अनुबंध-II**

**लोक सभा में दिनांक 19.12.2023 को उत्तर देने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 224* के उत्तर के भाग (ग) से (ड.) में उल्लिखित अनुबंध**

**दिनांक 13 दिसंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार आरसीपीएलडब्ल्यूईए सहित पीएमजीएसवाई के विभिन्न घटकों के तहत महाराष्ट्र राज्य में पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान स्वीकृत और पूर्ण की गई सड़क लंबाई का जिला-वार ब्यौरा**

**(लंबाई किमी में)**

| क्र.स. | जिले का नाम | 2018-19 | | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत लंबाई | पूर्ण लंबाई | स्वीकृत लंबाई | पूर्ण लंबाई | स्वीकृत लंबाई | पूर्ण लंबाई | स्वीकृत लंबाई | पूर्ण लंबाई | स्वीकृत लंबाई | पूर्ण लंबाई | स्वीकृत लंबाई | पूर्ण लंबाई |
| 1 | अहमदनगर | 0 | 28 | 0 | 13 | 63 | 0 | 0 | 0 | 286 | 12 | 0 | 18 |
| 2 | अकोला | 0 | 0 | 0 | 0 | 105 | 0 | 0 | 0 | 11 | 16 | 0 | 60 |
| 3 | अमरावती | 0 | 3 | 0 | 0 | 180 | 0 | 0 | 0 | 0 | 89 | 0 | 24 |
| 4 | औरंगाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 | 152 | 0 | 0 | 0 | 4 | 19 | 0 | 51 |
| 5 | बीड | 0 | 0 | 0 | 0 | 62 | 0 | 0 | 0 | 107 | 12 | 0 | 13 |
| 6 | भंडारा | 0 | 0 | 0 | 0 | 124 | 0 | 0 | 0 | 25 | 58 | 0 | 36 |
| 7 | बुलढाणा | 0 | 7 | 0 | 0 | 87 | 0 | 0 | 0 | 6 | 2 | 0 | 42 |
| 8 | चंद्रपुर | 0 | 13 | 132 | 0 | 137 | 0 | 0 | 23 | 28 | 95 | 0 | 86 |
| 9 | धुले | 0 | 0 | 0 | 0 | 16 | 0 | 0 | 0 | 109 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | गड़चिरोली | 0 | 92 | 322 | 59 | 13 | 149 | 0 | 154 | 86 | 173 | 0 | 70 |
| 11 | गोंदिया | 0 | 0 | 0 | 0 | 167 | 0 | 0 | 0 | 19 | 100 | 0 | 33 |
| 12 | हिंगोली | 0 | 0 | 0 | 0 | 111 | 0 | 0 | 0 | 0 | 20 | 0 | 62 |
| 13 | जलगांव | 0 | 0 | 0 | 0 | 18 | 0 | 0 | 0 | 120 | 18 | 0 | 0 |
| 14 | जालना | 0 | 2 | 0 | 0 | 149 | 0 | 0 | 0 | 0 | 25 | 0 | 65 |
| 15 | कोल्हापुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 46 | 0 | 0 | 0 | 120 | 35 | 0 | 9 |
| 16 | लातूर | 0 | 0 | 0 | 5 | 101 | 1 | 0 | 1 | 40 | 19 | 0 | 27 |
| 17 | नागपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 169 | 0 | 0 | 0 | 47 | 47 | 0 | 51 |
| 18 | नांदेड़ | 0 | 8 | 0 | 3 | 174 | 2 | 0 | 0 | 33 | 9 | 0 | 52 |
| 19 | नांदुरबार | 0 | 83 | 0 | 40 | 54 | 29 | 0 | 20 | 102 | 48 | 0 | 8 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | नासिक | 0 | 11 | 0 | 0 | 129 | 0 | 0 | 0 | 209 | 29 | 0 | 67 |
| 21 | उस्मानाबाद | 0 | 1 | 0 | 0 | 120 | 0 | 0 | 0 | 14 | 0 | 0 | 39 |
| 22 | परभणी | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 68 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | पुणे | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 202 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | रायगढ़ | 0 | 4 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 88 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | रत्नागिरि | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 224 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | सांगली | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 82 | 0 | 0 | 0 |
| 27 | सतारा | 0 | 0 | 0 | 0 | 11 | 0 | 0 | 0 | 206 | 10 | 0 | 0 |
| 28 | सिंधुदुर्ग | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 122 | 0 | 0 | 0 |
| 29 | सोलापुर | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 228 | 0 | 44 | 103 | 0 | 52 |
| 30 | ठाणे | 0 | 0 | 0 | 0 | 88 | 0 | 0 | 0 | 0 | 14 | 0 | 25 |
| 31 | वर्धा | 0 | 0 | 0 | 0 | 90 | 0 | 0 | 0 | 14 | 40 | 0 | 41 |
| 32 | वाशिम | 0 | 0 | 0 | 0 | 65 | 0 | 26 | 0 | 12 | 23 | 0 | 0 |
| 33 | यवतमाल | 0 | 1 | 0 | 0 | 150 | 0 | 90 | 0 | 0 | 118 | 0 | 29 |
| 34 | पालघर | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 121 | 0 | 0 | 0 |
| **कुल** | | **0** | **267** | **454** | **120** | **2582** | **181** | **344** | **199** | **2552** | **1133** | **0** | **960** |

*****